## एक नजर में

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट आज 4265 रुपए हुआ

**खंडवा ।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 26 नवंबर को 4265 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए और 25 नवंबर को 4277 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### जन अभियान परिषद एवं ग्राम पंचायत जावर द्वारा श्रमदान कर बनाया गया बोरी बंधान



**खंडवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जावर एवं नवांकुर संस्था मां नर्मदा सामाजिक सेवा समिति, ग्राम पंचायत जावर द्वारा जामघा नदी पर बोरी बंधान श्रमदान से किया गया। ब्लाक समन्वयक राजकुमार मालाकार ने समिति सदस्यो को जानकारी देते हुए कहा कि जल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। जल है तो कल है। आज हम पानी को बचाते हैं तो आवश्यकता पड़ने पर हमें पानी के संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। अभी जो नदियों का पानी बहकर जा रहा है उसे संग्रह करने की आवश्यकता है। जिससे हमारे खेतों को एवं आप पास के जीव-जंतु को लंबे समय तक आसानी से जल प्राप्त हो सकें। जिला कलेक्टर महोदय ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत गांव-गांव में जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान गतिविधि संचालित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच अमित कुमार मालवीय सहायक सचिव मांगीलाल राठोड़ विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण फरकले, नवांकुर संस्था अध्यक्ष धनपाल सोलंकी ग्राम पंचायत से चेतराम, कन्हैया यादव उपस्थित रहे। बोरी बंधान कार्य में ग्राम पंचायत जावर का विशेष सहयोग रहा।

### जल संरक्षण संबंधी स्लोगन, लोगो और मैस्कॉट डिज़ाइन प्रतियोगिता में शामिल होकर पुरस्कार जीते

**खंडवा।** जल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, तथा जल का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य को प्रोत्साहित करने एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन खंडवा द्वारा 'जल संरक्षण' विषय पर जिला स्तरीय डिज़ाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता 'लोगो' डिजाइन, 'मैस्कॉट' डिज़ाइन और 'स्लोगन लेखन' से संबंधित होगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि तीनों प्रतियोगिताओं के लिए राशि अलग-अलग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरुस्कार की राशि 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार की राशि 6 हजार रुपये और तृतीय पुरुस्कार की राशि 4 हजार रुपये रहेगी। सभी प्रविष्टियाँ 'जल संरक्षण' विषय पर ही केंद्रित रहेगी। प्रतिभागी एक या एक से अधिक श्रेणियों में प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। प्रविष्टियाँ मौलिक, रचनात्मक एवं कॉपीराइट मुक्त होनी चाहिए। प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि : 15 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के लिए प्राप्त सभी प्रविष्टियों के लिए जिला प्रशासन खण्डवा की निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम होगा। इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी प्रतियोगिता में ऑनलाईन भाग लें' पर क्लिक करके शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी प्रतियोगिता में भौतिक रूप से आवेदन करने के लिए जिला पंचायत खण्डवा में डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रत्युष शर्मा के पास हार्डकॉपी जमा करा सकते हैं। इसके अलावा ई मेल से भी भेज सकते हैं। अभ्यर्थी ई मेल पर अपना नाम, पता और संपर्क हेतु मोबाईल नंबर का विवरण अवश्य दें। नियम और शर्तों के लिए वेबसाइट पर 'आमंत्रण पत्र' देखें।

### सभी अधिकारी कर्मचारी अपने घरों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्यत: लगवाएं

कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में दिए निर्देश



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने घरों की पक्की छतों पर रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाएं, साथ ही अपने अधीनस्थ कर्मचारियो के मकानो की पक्की छतों पर भी रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों से जलकर की राशि वसूल करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत संचालित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के आसपास पोषण वाटिका विकसित करने के संबंध में भी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में पोषण वाटिका तैयार करने के लिए राशि जारी कर दी गई है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के शीघ्रता से निराकरण करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा के एसडीएम पंकज वर्मा, ओंकारेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा सहायक कलेक्टर डॉ कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर के आर बडोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### जिले मे अवैध शराब प्रकरण सहित सट्टा एक्ट प्रकरण में 2 आरोपियों पर कारवाई

**खंडवा।** अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना थाना मूंदी के आरोपी नवलसिंह पिता कमल सिंह उम्र 40 साल जाति कोरकु नि. देवला माफी के कब्जे से 17 क्वाटर देशी प्लेन शराब कीमती 1530/-रुपये की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना मूंदी के आरोपी रोहित पिता धन्नालाल ढाकसे उम्र 27 साल निवासी मोहद के कब्जे से सट्टा उपकरण एवं नगदी 340/-रुपए जप्त किये गये। आरोपी कालुराम पिता सुखलाल गार्वे उम्र 62 साल निवासी केनुद के कब्जे से सट्टा उपकरण एवं नगदी 560/-रुपए जप्त किये गये। उक्त दोनो आरोपियो के विरुद्ध धारा 4क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# 52 करोड़ में खंडवा-डुल्हार सड़क जल्द बनेगी
## घटिया निर्माण दिखे तो तुरंत शिकायत करें





**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा । लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को ग्राम डुल्हार में खंडवा एवं पंधाना विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन का शुभारंभ किया।**

राकेश सिंह ने कहा कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होने देंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में कोई भी कमी या शिकायत पाए जाने पर उसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से करें। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से सड़कों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। सड़कों के निर्माण के दौरान अब जल एवं पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

उन्होंने खण्डवा से डुल्हार-पंधाना के बीच 52.07 करोड़ रूपये लागत से बनने वाले 17.60 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारम्भ किया। श्री सिंह ने चिचगोहन से खेरदा के बीच 6.23 करोड़ रूपए लागत से निर्मित होने वाले 4.20 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन कर शुभारम्भ किया। उन्होंने सिरसोद से भीलखेड़ा फाटा के बीच 3.49 करोड़ रूपये लागत से निर्मित होने वाले 2.20 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण कार्य तथा 6.79 करोड़ रूपये लागत से निर्मित होने वाले लोक निर्माण विभाग के संभागीय कार्यालय भवन एवं 9 शासकीय आवासों के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक छाया मोरे, कंचन तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, खंडवा महापौर अमृता अमर यादव, मांधाता विधायक नारायण पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, पंधाना की जनपद अध्यक्ष सुमित्रा काले, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी गोड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद थे।

# सांदीपनि विद्यालयों में आकांक्षी नामांकन की पूर्ति पास के ही सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों से हो

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । प्रदेश में नवीन भवनों में संचालित सांदीपनि विद्यालय में मॉडल अनुसार आकांक्षी नामांकन एवं वर्तमान नामांकन की रिक्तियों के आधार पर उनके आस-पास के शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्रवेश कराये जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को निर्देश दिये गये हैं।**

जारी निर्देश में कहा गया है कि चयनित किये गये शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की सूची में से सामान्यत: प्राथमिक विद्यालयों को अधिकतम 2 किलोमीटर दूरी तक लिया जाये। कम नामांकन वाले विद्यालयों से शत-प्रतिशत प्रवेश सांदीपनि विद्यालयों में कराया जाए।

निर्देशों में कहा गया है कि जिन निकटस्त शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों का प्रवेश शत-प्रतिशत सांदीपनि विद्यालयों में हो जायेगा, उन विद्यालयों को शिफ्ट करने का अनुरोध पोर्टल 3.0 पर अवश्य किया जाए। निर्देश में यह भी कहा गया है कि सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश के बाद शून्य नामांकन वाले विद्यालयों के शिक्षक यदि सांदीपनि विद्यालयों में अध्यापन के लिये सहमत होंगे, उन्हें वहीं रखा जायेगा। इसके बाद यदि कोई शिक्षक अन्यत्र जाना चाहते हैं, तो उन्हें कॉउंसलिंग से अन्य रिक्त पद वाले सरकारी विद्यालय में जाने का अवसर दिया जायेगा।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक एवं अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति ई-अटेंडेंस के माध्यम से नियमित कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

इस व्यवस्था की मॉनिटरिंग राज्य स्तर पर विभाग द्वारा समीक्षा के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से विद्यालयों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में शिक्षकों के द्वारा डिजिटल डिवाइस जैसे कम्प्यूटर, इंटरएक्टिव पेनल तथा टेबलेट का उपयोग किया जा रहा है।

प्रदेश में शिक्षकों की उपस्थिति को सटीक और सुगम तरीके से दर्ज करने के उद्देश्य से 'हमारे शिक्षक ऐप' विकसित किया गया है। यह ऐप शिक्षकों की उपस्थिति की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड, सुरक्षित और रियल टाइम बनाता है। शिक्षक अपने मोबाइल अथवा टेबलेट के माध्यम से ऐप में लॉगइन करके अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। ऐप स्वत: लोकेशन, दिनांक, समय और फेस की पहचान को रिकॉर्ड करता है। इससे उपस्थिति वेरीफाइड हो जाती है।

इसके अलावा लीव मैनेजमेंट शिक्षक ऐप के माध्यम से अवकाश के लिये आवेदन किया जा सकता है। संबंधित लीव का रिकॉर्ड ऑनलाइन रूप से संधारित होगा। शिक्षक सेवा संबंधी लंबित प्रकरण और समस्या को इस ऐप पर दर्ज कर सकते हैं। प्रशिक्षक संबंधी सूचना एवं प्रशिक्षण में उपस्थिति की जानकारी इसमें दर्ज की जा सकती है। यह ऐप शिक्षक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के मकसद से तैयार किया गया है।

# ओंकारेश्वर में करोड़ों की विकास योजनाओं का शुभारम्भ



**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को ओंकारेश्वर में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में मांधाता विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। यह पूरा कार्यक्रम जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह ने 18.81 करोड़ रुपये की लागत से बर्फानी आश्रम तक पहुंच मार्ग और तीन छोटे पुलों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 8.49 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले सर्किट हाउस निर्माण कार्य का भी शुभारम्भ किया। ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर फ्लोटिंग जेट्टी सिस्टम, गोमुख घाट, बाणगंगा घाट और ब्रह्मपुरी घाट पर 49.74 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले कार्यों का उद्घाटन भी किया गया।

अपने संबोधन में मंत्री सिंह ने कहा कि सड़कें आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला हैं। अच्छी सड़कें होने से किसान अपनी फसल आसानी से बाजार ले जा सकते हैं, मरीज अस्पताल पहुँच सकते हैं और विद्यार्थी अपने स्कूल-कॉलेज तक सुगमता से आ-जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद अब सड़क निर्माण कार्यों को तेज गति से पूरा किया जाएगा। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए ओंकारेश्वर क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण के अनेक कार्य एक साथ शुरू किए गए हैं ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कार्यक्रम में मौजूद सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास की रफ्तार पिछले दो वर्षों में काफी बढ़ी है।

मांधाता विधायक नारायण पटेल ने केंद्र तथा राज्य सरकार के सहयोग से हो रहे विकास कार्यों को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया और स्वीकृत परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री तथा पीडब्ल्यूडी मंत्री का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम सृष्टि देशमुख गौड़ा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। अंत में पुनासा एसडीएम पंकज वर्मा ने मुख्य अतिथियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा उपस्थित जनसमूह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ग्राम बिल्लोरा बुजुर्ग में बगलामुखी मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ





**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर । बगलामुखी मंदिर प्रांगण से पुण्य सलिला मां नर्मदातट तट पर हरियाणा एवं अन्य राज्यों से आए सैकड़ो भक्तों महिलाओं एवं ग्रामवासियों सहित बड़ी सख्या में आसपास के ग्रामों से कलश लेकर पहुंचे।**

महिलाओं भक्तगण एवं संतों की उपस्थितिमें मां नर्मदा का पूजन अर्चन करके बैंड बाजे एवं बबग्घी के साथ भव्य कलश यात्रा नर्मदा तट से चलकर बगुला मां बगलामुखी मंदिर धाम पहुंची।

इस कलश यात्रा में परम पूज्य बंसी पुरी महाराज, परम पूज्य महामंडलेश्वर विद्या गिरी महराज के परम पूज्य भी पूरी महाराज के अलावा शिवदयाल पुरी महाराज, जयराम पुरी महाराज एवं महेश पुरी महाराज के अलावा बड़ी संख्या में मां बगलामुखी के भक्तगण उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को तनाव मुक्त करने हेतु जिला टास्क फोर्स का गठन, बैठक में कार्य योजना तैयार



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** अवसाद और तनाव ग्रस्त विद्यार्थी गलत कदम ना उठाएं, इस उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश एवं जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता के अनुमोदन उपरांत डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

गठन उपरांत उक्त टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया जिसमें समस्त शैक्षिक संस्थानों के नोडल अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में आगामी कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेजेस ऑफ़ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉक्टर सोमपाल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को तनाव, अवसाद, नशा, एआई दुरुपयोग, आत्महत्या जैसे घातक कदम आदि से बचने हेतु मनोचिकित्सकों को साथ लेकर चिकित्सा महाविद्यालय के नेतृत्व में प्रत्येक शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ कोचिंग संस्थानों में भी जाकर विद्यार्थी की काउंसलिंग प्रत्येक संस्थान में प्रत्येक माह की जाए।

डॉ संजय दादू ने अपना मत रखते हुए कहा कि सभी संस्थाओं में शिकायत एवं सुझाव पेटी स्थापित कर प्रत्येक 15 दिन में उस पर उचित कार्यवाही की जाएं, साथ ही विद्यार्थियों को इतना सकारात्मक वातावरण दिया जाएं कि उन्हें अपनी समस्या के समाधान हेतु संस्था के बाहर जाने की आवश्यकता ही ना पड़े। प्रफुल्ल शुक्ला ने उमंग कार्यक्रम के साथ-साथ इस कार्यक्रम को संयोजित कर इसके व्यापक प्रचार प्रसार पर जोर दिया ताकि विद्यार्थी डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स के सदस्यों के समक्ष अपने मनोभावों को निश्चिंत हो रख सकें। इसके अलावा उक्त बैठक में संध्या बारे, समीर दीक्षित, डॉ रेखा गुंजन, डॉ शुचि गुप्ता, डॉ वेद प्रकाश मलानी आदि उपस्थित रहे।

### 24 असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 10 गिरफ़्तारी, 29 जमानती वारंट, 54 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिले के विभिन्न थानो में 24 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 07 प्रकरणों मे 19 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 11 प्रकरणों मे 15 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में कुल 18 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

**संविधान दिवस** — विकास की रीड संविधान होता है और आज उसे कुचलने का प्रयास किया जा रहा है- ' डॉ शरद हरणे '

# बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी भवन में विचार संवाद गोष्ठी

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** 26 नवंबर 2025 बुधवार को खण्डवा में कांग्रेस ने संविधान दिवस को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर बाबा साहब को याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का निर्णय लेकर उनके किये गए कार्यो पर विचार संवाद किया।

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर समस्त कांग्रेसजन प्रात: 10:30 जिला अस्पताल के सामने स्थित बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे तत्पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।

गांधी भवन में आयोजित विचार संवाद गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शरद हरणे ने संबोधित करते हुए कहा कि यह संविधान दिवस जो मनाया जा रहा है इसकी आवश्यकता बहुत अधिक है क्योंकि ये बार-बार देखने में आ रहा है संविधान की जो आत्मा है उसको कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, विकास की जो रीढ़ होती है संविधान होता है उसे तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है और संविधान में परिवर्तन करने की बात धैर्य से होती है अगर परिवर्तन होगा तो किस तरह का परिवर्तन होगा इसकी कल्पना करना मुश्किल है क्योंकि यह परिवर्तन वही होगा जो सदियों पहले था जिसकी आशंका थी और इसीलिए यह करोड़ों लोगो के भविष्य का भी सवाल है, इसलिए हम लोगों का दायित्व भी है जितना हो सके हम इसका विरोध करें इसे बचाएं और बनाए रखें। क्योंकि संविधान का लाभ सभी को मिला है और जो विशेष प्रयोजन था उसका लाभ मुझे भी मिला है, तो मेरा तो है ही कर्तव्य पर हम सब का भी यह कर्तव्य है कि इस संविधान के लिए जो भी पुरजोर कोशिश कर सकते हैं वह करें और इस सब में आज हम जो मिलकर संकल्प ले रहे हैं इस संकल्प में मैं साथ में हूं और कोशिश करूंगा आपके हर प्रयास में मैं भी भागीदार हूं।



इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि आज हम सभी भारतीय संविधान दिवस के पावन अवसर पर एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमें सिर्फ़ हमारे संविधान की याद नहीं दिलाता, बल्कि उस ऐतिहासिक संघर्ष की भी याद दिलाता है करोड़ों भारतीयों ने अपने त्याग, संघर्ष और बलिदान से आज़ादी और लोकतंत्र की नींव रखी। हमारा संविधान सिर्फ़ एक किताब नहीं यह हमारी आत्मा, हमारी आकांक्षा, और हमारा मार्गदर्शन है। यह हमें बताता है कि भारत किस दिशा में चलेगा न्याय के साथ, समानता के साथ, स्वतंत्रता के साथ, और बंधुत्व की भावना के साथ।

संवैधानिक संस्थाओं को कमज़ोर करना चाहती हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाना चाहती हैं, लोकतंत्र को सिर्फ़ चुनाव जीतने तक सीमित कर देना चाहती हैं, देश को धर्म, जाति और भाषा के आधार पर बाँटकर राजनीति करना चाहती हैं।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल पाल सिंह ने कहा कि संविधान हर भारतीय को बराबरी का अधिकार देता है चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, भाषा, या वर्ग का हो। और जब भी इन अधिकारों पर आंच आती है, 'संविधान को कोई नहीं छू सकता, यह भारत की आत्मा है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष किया है। नेहरू हों, पटेल हों, अम्बेडकर हों, मौलाना आज़ाद हों सभी ने मिलकर एक ऐसे भारत का सपना देखा था जो दमन से नहीं, लोकतंत्र से चलेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ मुनीश मिश्रा, हुकुम मेलुन्दे, सलिम पटेल ने भी उपस्थितजनों को संबोधित किया।

### कार्यक्रम में मौजूद थे

इस अवसर पर अवधेश सिसोदिया, नेता प्रतिपक्ष दीपक मल्लू राठौर, रचना तिवारी, मीनू मंडलोई, सुधा खान, मुमताज बी, लव जोशी, शहजाद पवार, प्रेमांशु जैन, विकास व्यास, रशीद बाठिया, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष राहुल कनाडे, विशाल जैन, इमरान खान, डॉ जगदीशचंद चौरे, देवेंद्र जैन, अजीम हाशिम, राजकुमार कैथवास, अजीज मदनी, आलोक सिंह रावत, शब्बीर कादरी, शराफत खान, अय्यूब लाला, प्रितेश जैन, अब्दुल कादिर, आशीष कपिल, वामनराव जाधव, प्रदीप रणधीर कैथवास, यान शेख, वकील नीलकंठ, शेख फरहान सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने किया एवं आभार शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने माना।